# आठ आईपीएस अफसरों का तबादला, दो को मिली पोस्टिंग

संवाददाता। रांची

सरकार ने राज्य के आठ आईपीएस रैंक के अधिकारी का तबादला किया है. वहीं पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत दो आईपीएस अफसरों का भी पदस्थापन किया गया है. साहिबगंज एसपी के पद पर पदस्थापित कुमार गौरव को जहां लातेहार का एसपी बनाया गया है, वहीं होमगार्ड एसपी के पद पर पदस्थापित अमित कुमार सिंह को साहिबगंज का एसपी बनाया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार की रात गिरी कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जारी कर दी गई है.



### कौन कहां गए

- कुमार गौरव को लातेहार एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया.
- अंजनी कुमार झा को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया.
- निधि द्विवेदी को एसपी जामताड़ा के पद पर पदस्थापित किया गया
- लातेहार एसपी अंजनी अंजन को एसीबी रांची एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया .
- गिरिडीह एसपी के पद पर पदस्थापित दीपक शर्मा को एससीआरबी के पद पर पदस्थापित किया गया
- अमित कुमार सिंह को साहिबगंज एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया.
- निमेष नैथानी को गोड्डा एसपी के पद पर पद स्थापित किया गया.
- नाथू सिंह मीणा को एसआईबी स्पेशल ब्रांच एसपी के पद पर पद स्थापित किया गया.
- पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत डॉ. विमल कुमार को गिरिडीह एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया.
- पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत मनीष टोप्पो को स्पेशल ब्रांच एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है.

# बुढ़मू के कुलवे पहाड़ में भव्य जन्माष्टमी मेले का आयोजन

संवाददाता। बुढ़मू

प्रखंड के पर्यटन केंद्र कुलवे पहाड़ स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी को लेकर मंगलवार को विशेष पूजा अर्चना सह मेला का आयोजन किया गया. मेले में प्रखंड के दूर दराज से हजारों की संख्या में दर्शक शामिल हुए जिन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ मेले में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया. मेले में लोगों ने जमकर मिठाइयों और कृषि उपकरणों की खरीदारी की. मेले में पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कांग्रेस नेत्री यशस्विनी सहाय, कांग्रेस महासचिव सुरेश बैठा शामिल हुए. आयोजन में मेला समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा. हालांकि तेज बारिश के बावजूद लोगों ने मेले का जमकर आनंद उठाया.

**गौ परिक्रमा मंदिर में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी :** सुकरहुटू गौशाला स्थित गौ परिक्रमा मंदिर में जन्माष्टमी मनाई गई. मौके पर भगवान के विग्रह, मंदिर परिसर एवं कृष्ण गोपाल का पुष्पों से श्रृंगार किया गया. शाम चार बजे कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई. इसके बाद संकीर्तन से पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया गया. यशोदा मां को होयो रेलाल..., बधाई सारा भक्ता ने... जैसे भजनों पर भक्तगण खूब झूमे. प्रभुकृष्ण को महाभोग प्रसाद, पंजीरी, बादाम, किशमिश, काजूआदि का भोग अर्पित किया गया. श्रीकृष्ण के जन्म पर शंखनाद किया गया और भक्तों ने प्रभु को झूला पर झुलाया.



## मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बजरंग दल मलती की टीम चैंपियन

**मांडर।** शिव-दुर्गा मंदिर मांडर समिति की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मंदिर परिसर में मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर और भाजपा नेता सन्नी टोप्पो मौजूद थे. इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें शामिल हुईं, इसमें महिलाओं की भी दो टीमें थी. इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहने वाली बंजरग दल मलती की टीम ने महज 38 सेकेंड में 19 फीट की ऊंचाई पर बांधी गई मटकी फोड़ने में सफलता हासिल की. कुरकुरा मंदरो की टीम ने 56 सेकेंड में और महिला टीम की राधा रानी ग्रुप करगे ने 46 सेकेंड में मटकी तोड़ी. विजेता टीमों को पुरस्कार के रूप में नगद राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया. मौके पर चान्हो जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रबूल अंसारी, उपप्रमुख अमानत अंसारी, प्रकाश खलखो, गोपाल उरांव, शंकर आचार्या, मनोज कुमार साहू, अशोक अग्रवाल, विक्की आर्यन नाग, रोहित तिवारी, बजरंग साहनी, बजरंग लोहरा, राजेश केशरी, पिंटू तिवारी, शिव प्रसाद साहू, छेदी प्रसाद, रामप्रकाश साहू, रमेश आदि मौजूद थे.

## बीएयू के वेटनरी कॉलेज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने 26 अगस्त को शाम 5 बजे से 11 बजे तक गीत, संगीत, नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया. रात 12 बजे आचार्य सुनील कुमार पांडेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया. 27 अगस्त को हवन, आरती और दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें स्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया.

## भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य महोत्सव मनाया

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में मंगलवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत धूमधाम से मनाया गया. इस उपलक्ष्य पर पूर्ण से परिपूर्णतम भगवान श्रीवेंकटेश्वर की प्रातःकाल से ही पूजा-अर्चना जारी रही. उद्यास्तमन सेवा के तहत दूध,दही, हल्दी, चंदन, गंगाजल आदि से उनका महाभिषेक किया गया. इसके बाद अलंकार आदि समर्पण कर भव्य श्रृंगार किया गया.नित्याराधन, महाआरती भोग, गोष्ठी एवं महास्तुति की गयी. मंगलवार को किया गया. शाम चार बजे मंदिर के जगमोहन में पुष्पों से सजे झूले पर विराजमान रहे.

## अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता आज से

**डकरा।** एनके एरिया में 28 से 29 अगस्त तक अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन होगा. दो दिवसीय आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे. प्रतियोगिता का उद्घाटन 28 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे होगा. मुख्य अतिथि सुजीत कुमार, महाप्रबंधक, एनके एरिया उपस्थित रहेंगे. प्रतियोगिता का समापन समारोह 29 अगस्त को संध्या 05:00 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक कार्मिक, सीसीएल होंगे. यह जानकारी कार्मिक अधिकारी निखिल अखौरी द्वारा दी गई. प्रतियोगिता की तैयारी युद्धस्तर पर जारी है.

## यौन शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार

**खलारी।** थाना क्षेत्र की एक शादीशुदा महिला का यौन शोषण करने के आरोपी प्रमोद कुमार लोहरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया. थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता का पति काम के सिलसिले में बाहर जाता था, उसी दौरान उसकी अपने पड़ोसी प्रमोद से दोस्ती हो गई. इसकी जानकारी होने पर उसके पति ने पीड़िता को छोड़ दिया. इसके बाद प्रमोद पीड़िता को 2020 में गुमला जिले के घाघरा में किराए केमकान में रखा. बाद में प्रमोद ने दूसरी लड़की से शादी कर ली, परंतु वह फिर भी पीड़िता के साथ रहता रहा. वर्तमान में महिला सात माह की गर्भवती है, इधर, प्रमोद उसे छोड़कर अपनी पत्नी के साथ रहने का फैसला किया. इस मामले में पीड़िता ने खलारी थाना में शिकायत दर्ज कराई है.

# इश्तियाक से जुड़े पैथोलॉजी की अल्ट्रासाउंड यूनिट सील



हजारीबाग के आइडियल पैथोलॉजी में सीलिंग की कार्रवाई करते अधिकारी.

संवाददाता। रांची/हजारीबाग

अलकायदा के संदिग्ध आतंकी डॉ इश्तियाक से जुड़े पैथोलेजी के अल्ट्रासाउंड यूनिट को मंगलवार को सील कर दिया गया. हजारीबाग में स्वास्थ्य विभाग ने आइडियल पैथोलॉजी के अल्ट्रासाउंड यूनिट को सील किया है. जानकारी के मुताबिक, सिविल सर्जन कार्यालय के दस्तावेज में आइडियल पैथोलॉजी के अल्ट्रासाउंड के लिए रेडियोलॉजिस्ट के रूप में डॉ. इश्तियाक का नाम रजिस्टर्ड है.

इश्तियाक प्रत्येक दिन (रविवार छोड़ कर) आइडियल पैथोलॉजी आता था. वह दोपहर 12 से 3:30 बजे तक काम करने के बाद वापस रांची लौट जाता था. बताया जा रहा है कि डॉ इश्तियाक पांच दिसंबर 2022 से हजारीबाग जिले में नियमित रूप से सक्रिय था. बता दें कि एटीएस द्वारा अलकायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट के संदिग्ध डॉ इश्तियाक की रांची से गिरफ्तार किया गया था. इस बीच स्वास्थ्य विभाग को जानकारी मिली कि अल्ट्रासाउंड यूनिट में काम करनेवाले दो कर्मी इश्तियाक के नाम को बदलकर दूसरे डॉक्टर के नाम की एंट्री कराने की कोशिश कर रहे थे.इसके बाद सिविल सर्जन डॉ एसपी सिंह ने अल्ट्रासाउंड यूनिट को तत्काल सील करने का आदेश दिया. कार्रवाई के दौरान दारू सीओ सह कार्यपालक दंडाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू, सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राहुल कुमार और डॉ सुभाष प्रसाद मौजूद थे.

### लापुंग प्रखंड के सभी मुखिया बेमियादी धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे

# संघ ने बनायी आंदोलन की रणनीति

संवाददाता। लापुंग

राज्य वित्त आयोग की राशि सीधे ग्राम पंचायत को देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड राज्य मुखिया संघ के निर्देश पर लापुंग प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष सविता उरांव के नेतृत्व में प्रखंड विकास पदाधिकारी ऊषा मिंज को ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में जाने चेतावनी दी है. मुखिया सविता उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार ग्राम पंचायत के अधिकारों का हनन कर रही है और पंचायत की वित्तीय पावर पर ब्रेक लगा रही है. उन्होंने कहा कि इसी निमित्त झारखंड राज्य मुखिया संघ के तत्वावधान में रांची के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में सभी पंचायत के मुखिया भाग लेंगे और आंदोलन को सफल बनाएंगे. सविता उरांव ने कहा कि रांची के जाकिर हुसैन पार्क राजभवन के समक्ष शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा. इस मौके पर सभी मुखिया ने एक स्वर में कहा कि पिछले 24 एवं 29 जुलाई को मांग पत्र सौंपा गया था और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुलाकात एवं वार्ता भी हुई थी. वार्ता हेतु 20 अगस्त का समय दिया गया था. लेकिन किसी तरह की कोई सुनवाई नहीं हुई और सकारात्मक पहल भी नहीं किया गया. इससे पूरे झारखंड प्रदेश के मुखिया संघ में भारी आक्रोश व्याप्त है. लापुंग प्रखंड के सभी मुखिया ने एक स्वर में कहा कि हम सभी राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रांची जा रहे हैं. जिसकी जवाबदेही आपकी है. इस मौके पर सविता उरांव के अलावे दुर्गा उरांव, सरोज मुंडा, मालती रानी केरकेट्टा, बिरसमणी देवी, धुचला मुंडा, राम प्रसाद साहु सहित कई मुखिया मौके पर मौजूद थे.



**खास बातें**

- बीडीओ को लापुंग प्रखंड मुखिया संघ ने मांग पत्र सौंपा
- मुख्यमंत्री हमारी मांगों को नजर अंदाज कर रहे : सविता उरांव

**निरीक्षण** विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति पहुंची खलारी

# मोनेट कोल वाशरी व खलारी सीमेंट फैक्ट्री का किया निरीक्षण

संवाददाता। खलारी

झारखंड विधानसभा की पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती , प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,खनन विभाग के अधिकारियों के साथ रविवार की शाम पांच बजे मोनेट डेनियल कोल वाशरी का निरीक्षण किया. मौके पर उनके साथ समिति के सदस्य कांके विधायक समरीलाल, झारखंड विधानसभा के अवर सचिव रविशंकर प्रसाद रणधीर कुमार सिंह के अलावे खलारी सीओ प्रणव अम्बस्ट,बीडीओ संतोष कुमार आदि भी उपस्थित थे. निरीक्षण दल ने कोल परियोजनाओं के परियोजना पदाधिकारी व मोनेट डेनियल कोल वाशरी के महाप्रबंधक से क्षेत्र के पर्यावरण व प्रदूषण को लेकर पूछताछ किया. साथ ही मोनेट डेनियल कोल वाशरी पहुंचकर सोनाडुबी नदी की स्थिति व उसमें गिरने वाले कोयले के डस्ट को देखा. साथ ही वाशरी द्वारा किये गये कोयले के स्टॉक,रिजेक्ट कोल के स्टॉक को भी देखा.वाशरी मुख्य द्वार के निकट पुल पर पसरे कीचड़ को देखकर समीर मोहंती विफर पड़े. उन्होंने केडीएच पीओ को तत्काल इसे दुरूस्त करने कहा ताकि आने जाने वाले ग्रामीणों को परेशानी न हो. कहा कि वाशरी के कारण कोयले का काला पानी नदी में घुल रहा है. आगे जाकर दूसरी नदी को भी प्रभावित करेगा. मौके पर बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने कहा कि मोनेट कोल वाशरी द्वारा प्रदुषण को लेकर लगातार शिकायत मिल रही थी जिसको लेकर ही जांच समिति के लोग आये है. जांच के बाद ही इसपर कारवाई किया जायेगा. बताया कि वाशरी में काफी अनियमितता देखने का मिली है. कहा कि नियंत्रण बोर्ड से मिले निर्देशों का सही से पालन नही किया जा रहा है. वाशरी सारे नियम कानून का धज्जियां उड़ा रही है. कहा कि स्थिति देख लिये है सरकार के संज्ञान में आ गया है कहा कि खलारी कोयलांचल के हाल से संबंधित रिपोर्ट विधानसभा को सौंपेंगे.रिपोर्ट के बाद कारवाई की जायेगी. इसके बाद पर्यावरण एवं प्रदुषण नियंत्रण समिति का दल खलारी सीमेंट फैक्ट्री भी गये और वहां बाहर से निरीक्षण किया और गेट से ही लौट गये.



## ब्रीफ खबरें

### तमाड़ में मुखिया संघ ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा

**तमाड़।** प्रखंड मुखिया संघ ने मंगलवार को बीडीओ संतोष कुमार प्रजापति को बेमियादी धरना-प्रदर्शन को लेकर ज्ञापन सौंपा. तमाड़ मुखिया संघ की मीडिया प्रभारी विंदेश्वरी देवी ने बताया कि राज्य संघ द्वारा प्रदेश में वित्त आयोग की राशि देने सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार सेधरना-प्रदर्शन में सभी मुखिया जा रहे हैं. इसलिए प्रखंड के सभी मुखिया धरना-प्रदर्शन में शामिल होंगे. प्रतिनिधि मंडल में मुखिया संघ के अध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह मुंडा, मुखिया प्रमिला कुमारी और ललित कृष्ण मुंडा समेत बड़ी संख्या में मुखिया शामिल थे.

### बाथरूम में गिरने से छात्र की मौत

**डकरा।** केडीएच कॉलोनी में रहने वाले विवेक कुमार नामक एक छात्र का मंगलवार की दोपहर बाथरूम में गिरने से मौत हो गई. घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि विवेक दोपहर 1 बजे आवास के बाथरूम स्नान करने बाथरूम गया था. नहाने के दौरान बाथरूम के कमरे में गिर गया. काफी देर बाद जब अपने कमरे में नहीं आया तो परिजनों ने देखा कि विवेक गिर पड़ा है आनन फानन में से डकरा अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. मृतक के पिता साकू मांझी ने बताया कि विवेक को मिर्गी की बीमारी थी.

### खलारी पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**डकरा।** खलारी पुलिस द्वारा डकरा पुल के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया,जिसमें लोगों के गाड़ी के पेपर तथा लाइसेंस और हेलमेट चेकिंग किया जा रहा था,पेपर ना लेकर चलने वालों को हिदायत दिए गए तथा चेतावनी दी गई की अगली बार से पेपर लेकर चले अन्यथा चालान काटा जाएगा, साथ ही साथ हेलमेट के उपयोगिता के बारे में समझाया और तेज रफ्तार तथा ट्रिपल लोडिंग चलने पर मना किया.

### वार्ड सदस्यों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**रातू।** रातू प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को प्रखंड के सभी पंचायतों के वार्ड सदस्यों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया. शिविर में जिला से आए मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार एवं जयपाल महतो ने वार्ड सदस्यों को उनके कार्यों ,अधिकारों, एवं दायित्वों का विस्तृत प्रशिक्षण दिया. शिविर में उमेश सिंह, सुनीता देवी, कोमल देवी पूनम लिंडा ,मंजू देवी,अंजू देवी, फूलमणी देवी,आशा देवी समेत सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे.

### सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा संपन्न

**सोनाहातू ।** प्रखंड के जामुदाग में आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा की गई. समिति के सदस्यों ने अपना वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया. समिति के सदस्यों नेबताया कि वार्षिक आय 4,28,000 हुई. आमसभा में मुख्य अतिथि जिला परिषद मंजूसिंह, विधायक प्रतिनिधि श्याम कुमार महतो ने अपना विचार व्यक्त किया.

### 15 मवेशियों से भरी दो पिकअप वैन जब्त

**नामकुम।** नामकुम-तुपुदाना रिंग रोड पर डुंगरी के पास खरसीदाग ओपी पुलिस ने मंगलवार की सुबह15 मवेशियों से भरी दो पिकअप वैन जब्त कर ली. वहीं दोनों वैन चालकों विकास कुमार यादव और सत्येंद्र कुमार यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. ओपी प्रभारी भवेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि रिंग रोड के रास्ते दो पिकअप वैन से 15 मवेशियों को ले जाया जा रहा है. पकड़े गए चालकों ने बताया कि मवेशियों को भोजपुर के बंबवार से सरायकेला के आदित्यपुर ले जाया जा रहा था. प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार ने मवेशियों के स्वास्थ्य की जांच की और सभी पशुओं को स्थानीय ग्रामीणों को दे दिया.

### सभी बीडीओ व सीओ का प्रशिक्षण शुरू

**रातू।** चुनाव आयोग के निर्देश पर झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को नियमानुसार संपन्न कराने को लेकर रातू स्थित जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डाइट )के सभागार में राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले प्रखंडों के अंचल अधिकारियों एवं बीडीओ को असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर के अधिकारों,कार्यो, एवं दायित्वों का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है. पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में राज्य के सभी सीओ एवं बीडीओ भाग ले रहे हैं.

## न्यूज अपडेट

### जंगली भालू ने वृद्ध पर किया हमला, घायल

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के पांडु गांव के भंगी नदी (पांडु नदी) के समीप गाय बैल चरा रहे डाढ़हा निवासी 75 वर्षीय वृद्ध किसान शंकर गोप के ऊपर एक जंगली भालू ने अचानक हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया. जान बचाने के लिए वृद्ध किसान शंकर जंगली भालू से भिड़ गया. उसके मुंह को अपने दोनों हाथों से रोकने का प्रयास किया. लेकिन जंगली भालू वृद्ध किसान से ज्यादा ताकतवर और खूंखार था. जंगली भालू ने वृद्ध किसान को गिराकर उसके सिर के पिछले हिस्से, हाथ पैर सहित शरीर के विभिन्न अंगों में नुकीले दांत से नोच कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. जंगली भालू से बचने के लिए शंकर गोप ने काफी हल्ला गुल्ला किया. बाद में जंगली भालू उसे मरा हुआ समझकर छोड़कर जंगल में प्रवेश कर गया.

### ओरमांझी में टैंकर की टक्कर से मजदूर की मौत

**ओरमांझी।** एनएच 33 पर पुंदाग गांव स्थित टोल प्लाजा के पास सोमवार देर शाम टैंकर की टक्कर से एक मजदूर की मौत हो गई. मृतक 45 वर्षीय महाबली मुंडा पुंदाग गांव निवासी की मौत हो गई. महाबली चुटूपालू साप्ताहिक बाजार से पैदल अपने घर पुंदाग लौट रहा था. टोल प्लाजा के पास रामगढ़ से रांची आ रहे टैंकर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. स्थानीय लोग उसे पिस्का सीएचसी ले गए, जहां से डॉक्टरों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया. रिम्स में डॉक्टरोंने उसे मृत घोषित कर दिया. मंगलवार को बरियातू पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया. महाबली मुंडा क्रशर में मजदूरी का काम करता था. घटना की सूचना मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था.

### इटकी पीएचसी में दो डॉक्टरों की पदस्थापना का निर्देश

**इटकी।** प्रखंड के पीएचसी में पिछले एक साल से डॉक्टरों का पद रिक्त है. इसके लिए ग्रामीणों द्वारा आंदोलन की खबर अखबार में छपने के बाद विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की नींद खुली. मंगलवार को विधायक ने स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग सचिव को पत्र जारी कर इटकी पीएचसी में दो डॉक्टरों की पदस्थापना का निर्देश दिया है. हालांकि सदर अस्पताल रांची से एक डॉक्टर की प्रतिनियुक्त के लिए कार्रवाई करने की बात कही गई है. विधायक ने पत्र में लिखा 65 हजार की आबादी वाले इटकी पीएचसी में लंबे समय से डॉक्टरों का पद रिक्त है. ज्ञात हो कि पिछले वर्ष सितंबर माह में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की नेइटकी स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सचिव को दो दिनों के अंदर अस्पताल में डॉक्टर की पद स्थापना के साथ गुणात्मक सुधार लाने का निर्देश दिया था. लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने विधायक के निर्देश को अबतक कोई संज्ञान मेंन हीं लिया जिससे यहां स्थिति बिगड़ती चली गई.

### जनप्रतिनिधियों के बगैर सांसद-विधायक ने किया शिलान्यास

**रातू।** रातू प्रखंड परिसर में मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल के द्वारा बनने वाले जिस प्रखंड सह सीओ आवास एवं तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास का शिलान्यास सांसद संजय सेठ एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने किया. उसका निर्माण कार्य पिछले छह महीने से चल रहा है. निर्माण में घोर अनियमितता के कारण कार्य को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बंद करवा दिया था. अचानक इस भवन का शिलान्यास किया गया वो भी बिना स्थानीय जिला परिषद सदस्य सह अध्यक्ष रांची जिला परिषद को बिना सूचना दिये बगेर हुआँ. जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस तरह जनप्रतिनिधियों को सूचना दिए हुए चुपचाप पुरानी योजना को शिलान्यास कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का असफल प्रयास है. उन्होंने रातू दक्षिणी जिला परिषद सदस्य मनीषा देवी को भी किसी प्रकार का सूचना नही होने की बात कही.विशेष प्रमंडल जिला परिषद का ही एक अंग है ऐसे में शिलान्यासपट पर नाम दर्ज नहीं करना और सूचना नही देना ओछी राजनीति का परिचायक है. श्रीमती निर्मला भगत ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि सांसद महोदय को ऐसे राजनीति से दूर रहना चाहिए.

### जिस जमीन पर हो चुका है खनन कार्य पूरा, उसको सरकार वापस लेगी

**रांची।** खनन कार्य के लिए कोल इंडिया और बीसीसीएल को को आवंटित की गई वैसी जमीन जमीन, जिसमें खनन कार्य का काम पूरा हो चुका है. उस भूमि को राज्य सरकार वापस लेते हुए उस पर क्षतिपूरक वन रोपण कराएगी. सीएम हेमंत सोरेन ने इस प्रस्ताव पर अपनी सहमति दी है. सीसीएल ने खनन और अन्य गतिविधियों के लिए लगभग 73967 हेक्टेयर भूमि ली है. बताते चलें कि भूमि अधिग्रहण के दौरान, अधिकांश मामलों में भूमि का स्वामित्व स्थापित नहीं होता है. यह मुआवज़े के भुगतान या प्रभावित परिवारों को पुनर्वास और पुनर्वास लाभ प्रदान करने के दौरान स्थापित होता है, जिनसे भूमि का कब्जा प्राप्त होता है.खनन या अन्य कार्य करने के एवज में कोयला कंपनियां राज्य सरकार को गैरमजरुआ जमीन के विरुद्ध सलामी (भूमि का मूल्य), लगान (रेंट) और सेस का भुगतान नहीं कर रही हैं. खान-खदानों के राष्ट्रीयकरण के समय कोयला कंपनियों को वर्ष 1973 में कोल बियरिंग एक्ट (सीबीए) के तहत जमीन दी गयी थी.

### झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर बना गोफ, दहशत



**धनबाद।** झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग पर बनियाहीर के समीप मंगलवार की रात अचानक गहरा गोफ बन गया. गोफ से भारी मात्रा में गैस का रिसाव हो रहा है. इससे आसपास के लोगों में दहशत है. सूचना मिलते ही झरिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त स्थल की बैरिकेडिंग कर दी है.

### हड़ताल से प्रखंड मुख्यालय में प्रशासनिक कार्य ठप

**इटकी।** प्रखंड के सभी पंचायत सचिव अपनी दो सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए. पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से प्रखंड मुख्यालय में विकास कार्य ठप हो गया. पंचायत सचिवों ने 2400 ग्रेट पे व बीपीआरओ के प्रमोशन की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया है. इससे प्रखंड मुख्यालय में 15वें वित्त आयोग, जन्म-मृत्युप्रमाण पत्र, अबुआ आवास, मंईयां योजना, सरकार आप के द्वार कार्यक्रम सहित विकास कार्य प्रभावित है. इससे पहले प्रखंड के मनरेगा कर्मियों ने पिछले 22 सितंबर से 2000 ग्रेड पे और स्थायीकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं.

### पूर्व विधायक ने जन चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

**अनगड़ा।** पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने प्रखंड के राजाडेरा, पसराढीपा, सूपा और सिकिदिरी में विभिन्न समस्या को लेकर जन चौपाल लगाया. ग्रामीणों ने बिजली, सड़क और पेयजल की समस्या रखी. रामकुमार पाहन ने ग्रामीणों से समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया. उन्होंने ने कहा कि वर्तमान सरकार हर क्षेत्र में नाकाम साबित होरही है. मौके पर जगन्नाथ महतो, लोकनाथ महतो, सन्नू महतो, दिनेश महतो, तुलसी महतो, बालेश्वर महतो, जगेश्वर महतो, दीपिका देवी, बालेश्वर महली, रामू महतो, प्रदीप साहू, रमण कुमार, सतपाल राउत और संजय करमाली आदि मौजूद थे.

### भंगी नदी पर असंतुलित बाइक सहित सवार गिरा,मौत



**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के लालगंज भंगी नदी के पुल पर असंतुलित होकर बाइक 40 फीट नीचे नदी में गिरी और नीचे पुल के पिलर से टकराकर बाइक सवार के दर्दनाक मौत हो गई. गार्डवाल नहीं रहने के कारण पुल के दक्षिणी छोर पर मंगलवार को अपराह्न 3:30 बजे मजदूरी कर लापुंग से लालगंज की ओर वापस लौट रहे मजदूर बिरेपन मुंडा पिता ठिसा मुंडा ग्राम चटकपुर अपनी बाइक एलएमएल फ्रीडम बाइक सहित भंगी नदी के नीचे गिर गया. गिरते ही मजदूर बिरेपन मुंडा की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने पर देर शाम मृतक के पिता ठिसा मुंडा और परिजनों सहित गांव के दर्जनों ग्रामीण लापुंग थाना पहुंचे. उनके पिता ठिसा मुंडा ने बताया कि उनका बेटा बिरेपन मुंडा मजदूरी करता था. घटना की सूचना मिलते ही सापुकेरा पंचायत की मुखिया सविता उरांव थाना पहुंची और मामले की जानकारी ली. घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है. शव को बुधवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए रांची भेजा जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### शिविर में 200 छात्रों की निःशुल्क दांत जांच

**रांची।** सामाजिक संस्था शारदा फाउंडेशन की ओर से ज्ञानोदय उच्च विद्यालय में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन 27 अगस्त को किया गया. इसमें कांके रोड स्थित डेंटावीटा डेंटल क्लिनिक की डॉ सौम्या सिन्हा ने 200 से अधिक छात्रों की दांतों की जांच की. उसकी देखभाल के लिए भी जागरूक किया. बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए शिविर लगाया गया.मौके पर डॉ सौम्या ने कहा कि बच्चे दांतों की सफाई पर ध्यान नहीं देते हैं. इस कारण दांतों में कैविटी ज्यादा जमा हो जाती है. इससे दांतों में सड़न होने लगती है.

### विश्वकर्मा पूजा समिति के अध्यक्ष बने निरंजन

**रांची।** जय प्रकाश नगर चुना भट्ठा में मंगलवार को पंचमुखी विश्वकर्मा पूजा समिति कि बैठक शशिकांत कुमार की अध्यक्षता में हुई. बैठक में पिछले वर्ष विश्वकर्मा पूजा की समीक्षा कर लेखा जोखा प्रस्तुत कर इस वर्ष भी 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक में पदधारियों का चयन किया गया. जिसमें संरक्षक डॉ दिलीप कुमार सोनी, अनिल कुमार गुप्ता, दिनेश प्रजापति, राम प्यारे शर्मा व अशोक विश्वकर्मा चुने गये. सर्वसम्मति से अध्यक्ष निरंजन कुमार शर्मा आदि शामिल हैं.

### रिम्स नर्सेस संघ की निदेशक से गुहार

**रांची।** रिम्स नर्सेस संघ की कमेटी के सदस्यों ने कई वर्ष पहले ही इस्तीफा दे दिया है. बावजूद इसके संघ के लेटर हेड पर उनके नाम का प्रयोग सुनियोजित तरीक़े से किया जा रहा है. इसे लेकर उर्मिला तिर्की, कनकलता किस्कू, पूनम कुजूर ने रिम्स निदेशक को पत्र लिख कर नाम हटाने की गुहार लगाई है. कर्मियों ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इस संघ का चुनाव कब, कहां और कैसे हुआ इसकी जानकारी मुझे नहीं है. लेटर पैड का बराबर गलत इस्तेमाल सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है. इस तरह मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का काम किया जा रहा है जबकि एसोसिएशन से मेरा कोई नाता नहीं है.

### डीएसपीएमयू में फॉर्म भरने के नौ महीने बाद भी इंटरव्यू नहीं

**रांची।** मंगलवार को युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति को मैनेजमेंट विभाग में शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के लिए इंटरव्यू लेने की मांग की. मौके पर मौजूद युवा आजसू के रित्विक राज ने कहा की जल्द ही विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के लिए इंटरव्यू प्रारंभ नहीं किया गया तो युवा आजसू विश्वविद्यालय में धरना प्रदर्शन आंदोलन के लिए बाध्य होगी. उन्होने बताया कि शिक्षक नियुक्ति के लिए फॉर्म भरे हुए नौ महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक इंटरव्यू नहीं हो सका है.

---

वैष्णव जन ने श्रद्धाभाव व नेम-निष्ठा से मनाया भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव, व्रत-उपवास कर व्रतधारी कान्हा की भक्ति में रमे रहे

# पुष्प सज्जित झूले में कृष्ण रूप में विराजे भगवान वेंकटेश, दर्शन कर श्रद्धालु अहलादित हुए

संवाददाता । रांची

भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि मंगलवार को वैष्णव जन ने श्रद्धाभाव से नेम-निष्ठा पूर्वक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव हर्षोउल्लास से मनाया. व्रत-उपवास कर व्रतधारी कान्हा की भक्ति में रमे रहे. श्रृंगार पूजन कर सांवरे सलोने की आरती उतारी. भोग निवेदित कर मंगल कामनाएं की. मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य महोत्सव धुमधाम से मनाया गया. विशेष अनुष्ठान हुए. श्रद्धालु दर्शन-पूजन को श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा. लक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बालाजी मंदिर में योग और नक्षत्र के उत्तम संयोग बेला में भगवान का दूध, दही, हल्दी, चंदन, गंगाजल और शहद आदि से महाभिषेक किया गया. अलंकार आदि समर्पण कर भव्य श्रृंगार निवेदन किया गया. नित्याराधन, महाआरती भोग, गोष्ठी और महास्तुति कर अर्चको ने मंगल कामनाएं की.शाम चार बजे पुष्प सज्जित झूले पर श्रीदेवी और माता



कृष्ण रूप में विराजे भगवान वेंकटेश की पूजा करते श्रद्धालु.

भूदेवी संग श्रीकृष्ण रूप में विराजमान भगवान वेंकटेश जी का दर्शन पा कर श्रद्धालु अहलादित हो गए. पूर्ण समर्पण भाव से अपने इष्ट के श्रीचरणो में श्रद्धा अर्पित की. रात आठ बजे श्रीविष्णु सहस्त्रनाम पाठ किया गया. श्रीकृष्णनामस्तोत्रम आदि के बाद भजन-संकीर्तन कर श्रद्धालु भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित करते रहे. रात नौ बजे तिरुवाराधन, महाआरती, नैवेद्यम, गोष्ठी आदि के साथ शयन आरती उतारी गयी. भक्तों के बीच फलाहारी सिंघाड़ा आटा के हलवा प्रसाद का बांटा गया. अर्चक सत्यनारायण गौतम, गोपेश और नारायण दास ने पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया. पुलक सिंघानिया सपत्नीक इसमें मुख्य यजमान के रूप में हिस्सा लिया. रामअवतार नारसरिया, विनय धरनीधरका, रचना सिंघानिया, प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, रमेश धरनीधरका, रंजन सिंह, रामवृक्ष साहू, सुशील लोहिया, प्रकाश मोदी, रश्मि मोदी आदि मौके पर मुख्य रूप से मौजूद थे.

## जन्माष्टमी मेला में पुरस्कृत हुए रूप सज्जा के विजयी प्रतिभागी

संवाददाता। रांची

श्रीशिव-महावीर मंदिर न्यास समिति, डोरंडा में मंगलवार को जन्माष्टमी मेला लगाया गया. इसमें बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को श्रीराम-भरत मिलाप समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया.शाम सात बजे से मेला शुरू हुआ. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ी. हटिया विधायक नवीन जायसवाल, विधायक रामजी लाल शारदा, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय,भाजपा के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, डॉ अनील कुमार आदि ने भी इसमें मुख्य रूप से भागीदारी निभायी. मेला घूमने आए श्रद्धालुओं ने लजीज व्यंजन के जायके के साथ भक्ति गीतों के कार्यक्रम का भी जमकर लुफ्त उठाया.



**इन्होंने मारी बाजी :** शून्य से 6 वर्ष में बम्पर पुरस्कार- चिन्मय शारदा, प्रथम - रियांश भट्ट, द्वितीय - युवांश विजय वभव्यांश पोद्दार, तृतीय- कैरवअग्रवाल, रव्या राय व आकांक्षा मल्होत्रा. 06 से 12 वर्ष मेंलिपिका सैरेढा- बम्पर, प्रथम -शानवी व पहल, द्वितीय- हर्षका कुमारी व कैरव द्वितीय,तृतीय -रिया चन्द्रा. अन्य भाग लेने वाले सभी बच्चो को भी सांतवना पुरस्कार प्रदान किए गए. बीके विजय और रोहित शारदा ने संचालन का कार्यभार संभाला.

**दिया योगदान :** हरिप्रसाद विजयवर्गीय ,पुरुषोत्तम दास, सरदार अशोक सिंह, योगेश्वर दुबे ,संजय गुप्ता, किशोर विजय, अनूप गुप्ता, मोहन विजय, गजेंद्र राम, इंदू राम, मारूति वर्मन,विनय ठाकुर, देवराज बर्मन, अमित गुप्ता, नम्रता सोनी, कुमुद पांडे, प्रकाश बर्मन, जितेंद्र बरनवाल, प्रिया सिन्हा, मीनू डांगी, रेखा पासवान, महेश विजय, अनूप बर्मन ,प्रदीप वर्मा ,अमित विजय, सम्राट गांगुली आदि ने इसके सफल आयोजन मुख्य योगदान दिया.

**डीएवी सरला स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनी : रांची।** डीएवी सरला स्कूल तुपुदाना में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया. मौके पर छोटे-छोटे बच्चे राधा व कृष्ण के रंग बिरंगे पोशाक में सज धज कर स्कूल पहुंचे थे, और पूरी तरह से राधा कृष्ण की मुद्राओं में दिख रहे थे. कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा की गई भावपूर्ण प्रार्थना से हुई. जिसमें पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया. बच्चों ने मधुर भजनों की मनमोहन प्रस्तुति दी एवं नृत्य के माध्यम से करुणा, प्रेम और बुराई पर अच्छाई की जीत जैसे शाश्वत मूल्यों को दर्शाया गया. मौके पर विद्यालय की शिक्षिका आरती मिंज,मेघा बाखला एवं महिमा सिंह ने राधा कैसे न जले, मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया ,बंशी बजैया नन्दलाल कन्हैया जैसे अनेकानेक भजनों पर नृत्य पेश किया. जिसका बच्चों ने काफी आनंद उठाया और बच्चों ने भी डांडिया के माध्यम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के भजन गीतों पर नृत्य पेश किया. पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी समारोह में मुख्य रूप में शामिल हुए.

---

छात्रों ने किया फार्मेसी काउंसिल में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन

# समय के साथ पैसों की बर्बादी से परेशान हैं डी फॉर्मा के छात्र

संवाददाता। रांची

अखिल भारतीय फॉर्मासिस्ट एसोसिएशन झारखंड ने डिप्लोमा इन फार्मेसी परीक्षा समिति व फार्मसी काउंसिल में "हल्ला बोल" कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया. इसमें झारखंड राज्य के सभी जिलों से सैकड़ों की संख्या में डी फॉर्मा के छात्र मौजूद थे. इस कार्यक्रम का आयोजन डिप्लोमा इन फॉर्मेसी छात्रों की परीक्षा समय पर नहीं होने के कारण किया गया. छात्रों ने इस दौरान बताया कि परीक्षा समय पर नहीं होने के कारण उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है. छात्रों ने मांग कि की जल्द से जल्द परीक्षा के तारीख की घोषणा की जाए. छात्रों ने बताया कि झारखंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार के निधन के बाद लंबे समय तक पद खाली रहने से छात्रों को रजिस्ट्रेशन कराने में काफी समस्या हो रही है. उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. छात्रों ने बताया कि राज्य में कई ऐसे फार्मेसी के छात्रा हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाने के कारण विभिन्न क्षेत्रों में निकलने वाली नियुक्तियों के लिए वह योग्य नहीं हैं. बताया गया कि रजिस्ट्रार के निधन के बाद लगातार गलत तरीके से काउंसिल में भ्रष्टाचार का होना हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण है. संगठन द्वारा कुछ दिन पहले प्रधान सचिव के पास न्यायायिक प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्रार की नियुक्ति की मांग की गई थी. कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी शशि भूषण कुमार, प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, प्रदेश महासचिव अमित कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष अफ्रोज अहमद, प्रदेश सचिव तनवीर हसन एवं अक्षय कुमार के साथ सभी जिलों छात्र मौजूद थे.



"हल्ला बोल" कार्यक्रम में झारखंड राज्य के सभी जिलों से सैकड़ों की संख्या में डी फॉर्मा के मौजूद छात्र.

### मंत्री को मांग पत्र सौंपने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

डी फॉर्मा के छात्र वसीम चौहर ने बताया कि 12 जुलाई को छात्रों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्न गुप्ता व स्वास्थ्य सचिव अजर कुमार सिंहर को रजिस्ट्रार की नियुक्ति व परीक्षा कराने के लिए मांग पत्र सौंपा था, आश्वासन मिला पर कोई कार्रवाई नहीं हुई . उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीने से हमें बस आश्वासन ही मिल रहा है . परीक्षा नहीं होने के कारण छात्रों में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है . छात्र अपने भविष्य को लेकर काफी चिंतित हैं .

**एकेडमिक कैलेंडर का जारी होना अनिवार्य :** कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने मांग की परीक्षा समय पर हो सके इसके लिए एकेडमिक कैलेंडर का जारी होना अनिवार्य है. छात्रों ने बताया कि राज्य के कई जिलों के सरकारी अस्पतालों में रजिस्टर्ड फॉर्मासिस्टों की जरूरत है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अपनी आखें बंद कर रखी है. काउंसिल को जल्द से जल्द एकेडमिक कैलेंडर जारी करने की जरूरत है, जिससे समय पर परीक्षा हो सके और छात्र अपना रजिस्ट्रेशन सहीं समय पर करवा सके.

**डेढ-डेढ साल लेट से हो रही है परीक्षा :** डी फॉर्मा के छात्रों ने बताया कि परीक्षा में काफी देरी हो रही है. 2020-22 बैच की परीक्षा डेढ साल विलंब होने के बाद दिसंबर 2023 में संपन्न हुई, तो 2021-23 बैच की परीक्षा अब तक नहीं हो सकी है. वहीं छात्रों ने बताया की फॉर्मासिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा एग्जिट एग्जाम की तारीक घोषित कर दी गयी है, पर झारखंड में अब तक 2022-24 बैच के फाइनल परीक्षा की तारीक घोषित नहीं की गयी है. परीक्षा नहीं होने के कारण छात्र एग्जिट इग्जाम के लिए कैसे योग्य होंगे यह सबसे बड़ा सवाल है.

**फॉर्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 लागू करने की मांग :** छात्रों ने कार्यक्रम के दौरान फॉर्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 लागू करने की भी मांग की है. इस रेगुलेशन के तहत फॉर्मासिस्ट दवा लिखने के लिए युग्य होते हैं. छात्रों ने बताया यह फॉर्मासिस्ट का अधिकार है, जिसे कुछ अन्य राज्यों ने लागू किया गया है. झारखंड में भी इसे जल्द से जल्द लागू किया जाए.

---



कार्यशाला में उपस्थित वाणिज्य एवं उद्योग जगत के गणमान्य एवं प्रगतिशील युवा उद्यमी.

'समाजिक स्टॉक एक्सचेंज- एक्सलरेटिंग सोशल इंपैक्ट' विषय पर कार्यशाला

# एसएसई समावेशी तंत्र बनाने में परिवर्तनकारी कदम : किशोर मंत्री

संवाददाता। रांची

इंडियन सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी नेटवर्क (आईएसआरएन) ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ मिल कर 'सोशल स्टॉक एक्सचेंज- एक्सलरेटिंग सोशल इंपैक्ट' शीर्षक से कार्यशाला का आयोजन किया. कार्यक्रम का आयोजन सिटीजन फाउंडेशन, रांची द्वारा किया गया था. इस कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री उपस्थित थे. उनके साथ एनएसई के प्रतिनिधि, आईएसआरएन के सीईओ संतोष गुप्ता, खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी केंद्रीय जोनल समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, एनएसई, मुंबई के सुदर्शन और सिटीजन फाउंडेशन के सीईओ और यूएनजीसीएनआई के संयुक्त सचिव गणेश रेड्डी भी मौजद थे. कार्यशाला में आईएसआरएन और सिटीजन फाउंडेशन की टीम के साथ-साथ झारखंड के विभिन्न जिलों से 50 से अधिक एनजीओ के प्रमुख ने भाग लिया.इस दौरान प्रतिभागियों को एनएसई के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई, जिसमें बेहतर बाजार पहुंच, सामाजिक उद्देश्यों के साथ निवेशकों के बीच तालमेल, प्रदर्शन आधारित परोपकार, न्यूनतम पंजीकरण लागत और सामाजिक उद्यमों के लिए अतिरिक्त अवसर शामिल थे.

### एसएसई समावेशी तंत्र बनाने में परिवर्तनकारी कदम

चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने आईएसआरएन और एनएसई की इस पहल की सराहना की . उन्होंने कहा कि सोशल स्टॉक एक्सचेंज एक समावेशी और प्रभावशाली पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है . मुझे विश्वास है कि सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयास से हम स्थायी परिवर्तन को प्रोत्साहित कर सकते हैं और महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभाव ला सकते हैं .

### हितधारकों के बीच क्षमता निर्माण की प्रतिबद्धता उजागर

आईएसआरएन के सीईओ संतोष गुप्ता ने संगठन की सामाजिक क्षेत्र के हितधारकों के बीच क्षमता निर्माण की प्रतिबद्धता को उजागर किया . उन्होंने कहा कि इन कार्यशालाओं के माध्यम से हमारा उद्देश्य एनजीओ और एनपीओ के बीच जागरूकता पैदा करना और उन्हें सोशल स्टॉक एक्सचेंज के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता प्रदान करना है .

### अंजुमन तरक्की उर्दू झारखंड की ऑनलाईन बैठक

**रांची ।** अंजुमन तरक्की उर्दू झारखंड की ऑनलाईन बैठक डॉ यासीन अंसारी की अध्यक्षता में हुई. बैठक में उर्दू यूनियन का सर्वे कराने पर विचार हुए. कहा गया कि आम लोगों को अंजुमन तरक्की से जोड़ने की जरूरत है. तंजीम को पंचायत स्तर तक ले जाना होगा. डॉ हुमायू अशरफ ने प्लस टू विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों की तरक्की पर चर्चा किया. डॉ हुसैन नेजामी ने लोगों को उर्दू से जोड़ने पर बल दिया. एमजेड खान ने जुलाई व अगस्त तक की कार्यगुजारी की जानकारी दी.

---

## रांची की महिला टीम ने दुमका को 17-0 से रौंदा

संवाददाता ।रांची

टाटा स्टील फाउंडेशन, झारखंड खेल विभाग और हॉकी झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 29 अगस्त तक आयोजित 7 वें सीनियर झारखंड राज्य हॉकी चैंपियनशिप में तीसरे दिन 14 मुकाबले खेले गए. पुरुष वर्ग में सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू, बोकारो, हजारीबाग, रेलवे, एकलव्य हॉकी सेंटर और एनटीएचए की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची. वहीं महिला वर्ग में रांची,सिमडेगा, पलामू, पाकुड़,



बोकारो, गुमला, हजारीबाग और एकलव्य सेंटर ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. मंगलवार को महिला वर्ग में गुमला ने देवघर को 5-0 से,रांची ने दुमका को 17-0 से , हजारीबाग और पलामू 0=0 पर ड्रा, पाकुड़ ने ईस्ट सिंहभूम को 6-0 से, सिमडेगा ने वेस्ट सिंभूम 5-0 से पराजित किया. वहीं पुरुष वर्ग में गोड्डा ने देवघर 6-0 से, पश्चिमी सिंहभूम ने पाकुड़ को 4-0 से, रामगढ़ और जामताड़ा 3-3 ड्रा ,गढ़वा ने लोहरदगा को 5-1 से , पूर्वी सिंहभूम ने कोडरमा को 5-0 से,पलामू ने धनबाद को 1-0 से पराजित किया.

## शोध परियोजना के तहत 454 बकरियों का टीकाकरण

**रांची ।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बकरी सुधार संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना चल रही है. इसके अंतर्गत लोहरदगा जिला के टीको ग्राम में टीकाकरण शिविर और वैज्ञानिक बकरी पालन विषय पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया. शिविर में फड़कियां (एन्टेरोटॉक्सीमिया) रोग से बचाव के लिए 454 बकरियों का टीकाकरण किया गया. यह बकरी एवं भेड़ में पाया जाने वाला मुख्य जीवाणु जनित रोग है. यह एक स्पोर फॉर्मिंग रोग है, जिसके रोगाणु मृदा एवं पशु की ग्रास नली में अपनी प्राकृतिक अवस्था में पाये जाते हैं. जबतक इस बीमारी के लक्षण पूरी तरह स्पष्ट होते हैं तबतक चपेट में आए पशु की मृत्यु हो जाती है, इलाज का अवसर प्रायः नहीं मिल पाता.परियोजना की प्रधान अन्वेषक डॉ नंदनी कुमारी ने ग्रामीणों को बताया कि रोग से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है, क्योंकि रोग का फैलाव हो जाने पर पशुओं का प्रभावी इलाज मुश्किल हो जाता है. बचने की संभावना बहुत कम रह जाती है. शिविर में बकरियों के लिए बीएयू द्वारा मांगे, डायरिया एवं परजीवी रोगों से बचाव के लिए दवा भी वितरित की गयी. शिविर एवं किसान गोष्ठी में परियोजना के सहायक प्रधान अन्वेषक डॉ दिनेश कुमार एवं डॉ शैलेन्द्र रजक शामिल थे.

## अनुराग तिवारी ने मंदिर निर्माण के लिए दिया एक लाख का दान

संवाददाता ।रांची

मन मोहन तिवारी के निधन के पश्चात उनके बड़े पुत्र, अनुराग तिवारी, ने अपने पिता की स्मृति में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. उन्होंने परसुराम सेना को मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रुपये का दान दिया है, यह दान न केवल उनके पिता के धार्मिक विश्वासों और सिद्धांतों को सम्मानित करने के लिए है, बल्कि समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान भी है. अनुराग तिवारी ने कहा, "मेरे पिता के



आदर्शों और उनकी धार्मिक आस्था ने मुझे हमेशा प्रेरित किया है। उनकी स्मृति में यह दान एक छोटा सा प्रयास है जिससे उनके मूल्यों और सिद्धांतों को जीवित रखा जा सके। मैं आशा करता हूं कि यह दान समाज के लिए एक सकारात्मक पहल साबित होगा. परसुराम सेना के पदाधिकारियों ने उनका इस कार्य के लिये सराहना की और मंदिर निर्माण कार्य में इस दान का उपयोग करने का आश्वासन दिया. तिवारी परिवार ने इस अवसर पर समाज के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे भी अपने-अपने स्तर पर समाज के विकास और धार्मिक मूल्यों के संरक्षण के लिए योगदान दें.

---

सीएमपीडीआई | पहली बार 2021 में आईएसओ 37001: 2016 प्रमाणन के साथ मान्यता प्रदान की गयी थी

# रिश्वत रोधी प्रबंधन प्रणाली का प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ

संवाददाता। रांची

सीएमपीडीआई (मुख्यालय) रांची को रिश्वत रोधी प्रबंधन प्रणाली का प्रमाणन पत्र प्राप्त हुआ. सीएमपीडीआई में संभावित रिश्वतखोरी के जोखिमों को समाप्त करने के लिए संस्थान द्वारा अपनाए गए एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम (एबीएमएस) की आडिट के पश्चात् भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा आईएसओ 37001:2016 एंटी ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम के लाइसेंस का पुनः प्रमाणन किया गया. यह लाइसेंस 17 जनवरी 2027 तक वैध है. बता दें कि सीएमपीडीआई को



पहली बार वर्ष 2021 में आईएसओ 37001:2016 प्रमाणन के साथ मान्यता प्रदान की गयी थी.

यह एंटी-ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम (एबीएमएस) प्रमाण-पत्र सीएमपीडीआई की सभी सम्बद्ध प्रयोगशालाओं सहित कर्मियों और अन्य व्यावसायिक प्रक्रियाओं के लिए प्रशिक्षण, आंतरिक सहायता सेवाएं, खनिज गवेषण, माइन प्लानिंग एंड डिजाइन, पर्यावरण प्रबंधन, प्रबंधन प्रणाली, सम्बद्ध इंजीनियरिंग, मानव प्रावधान की सभी गतिविधियों के लिए ब्राइबरी की रोकथाम, इसके पता लगाने और प्रतिक्रिया के संबंध में प्रदान किया गया है.

**खास बातें**

- एंटी ब्राइबरी प्रबंधन प्रणाली से रुकेगी रिश्वतखोरी
- इससे स्थापित होंगी स्वस्थ जांच प्रक्रियाएं व नियंत्रण

आईएसओ 37001, एक एंटी ब्राइबरी प्रबंधन प्रणाली, संगठनों को रिश्वतखोरी को रोकने, पता लगाने और संबोधित करने में मदद करने के लिए उपायों की एक श्रृंखला निर्दिष्ट करती है.

इनमें एंटी ब्राइबरी नीति अपनाना, एंटी ब्राइबरी अनुपालन, प्रशिक्षण, जोखिम मूल्यांकन और परियोजनाओं और व्यावसायिक सहयोगियों पर उचित परिश्रम की निगरानी के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त करना, वित्तीय एवं वाणिज्यिक नियंत्रण लागू करना और रिर्पोटिंग और जांच प्रक्रियाएं स्थापित करना शामिल है.

## एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब ने महादेव टोली गांव में जरूरतमंदों के बीच बांटी खाद्य सामग्री

संवाददाता ।रांची

एनटीपीसी स्वयंसिद्ध महिला क्लब, कोयला खनन मुख्यालय ने सीएसआर पहल के तहत नामकुमस्थित महादेव टोली गांव में 40 जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री/किराने का सामान बांटा. यह पहल स्वयंसिद्ध महिला क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन के मार्गदर्शन में और रॉबिन हुड आर्मी (स्वयं सेवी संस्था) के सहयोग से हुई. रेखा जैन ने स्वयंसिद्ध महिला क्लब की सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने किराने की सामग्री उपलब्ध कराने की पहल में पूरे दिल से योगदान दिया है और उन्हें जरूरतमंदों के उत्थान के लिए



विभिन्न कल्याणकारी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, खास कर बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए,

उन्होंने रॉबिनहुड आर्मी के सदस्यों से भी बातचीत की और उन्हें इस पहल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया और समाज की सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया. मौके पर कल्याण प्रभारी एवं उपाध्यक्ष शिखा रस्तोगी, सांस्कृतिक प्रभारी एवं उपाध्यक्ष पूर्णिमा श्रीखंडे, कल्याण सचिव मनसा वर्मा, सांस्कृतिक सचिव अनिता प्रसाद और कोषाध्यक्ष स्निग्धा रानी माझी शामिल थीं, लाभार्थियों ने इस पहल को सराहा.

